# चकेरी में 15 लाख में बनाई घटिया ग्रेवल सड़क, दुर्घटना को दे रही दावत

## निर्माण के लिए सड़क की साइड में की गहरी खुदाई

मोहन जाटव

पीपुल्स प्रवक्ता अशोकनगर



चन्देरी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डुंगासरा के ग्राम चकेरी में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत दो ग्रेवल सड़कें मंजूर हुई थीं इनमें से 15 लाख रुपये खर्च करके जो ग्रेवल सड़क बनाई गई है उसका निर्माण अत्यंत लापरवाहीपूर्वक और गुणवत्ताहीन किया गया है इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और दुर्घटनाओं को आमंत्रण देती प्रतीत हो रही है।डुंगासरा पंचायत के उपयंत्री एवं सरपंच, सचिव द्वारा घटिया निर्माण कराना कोई हैरत की बात नहीं है लेकिन बिसन नाले से रतिभान सिंह के खेत तक बनाई गई ग्रेवल सड़क के निर्माण में तो लापरवाही की हद ही कर दी गई है जबकि इस सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा 15 लाख की अच्छी खासी राशि स्वीकृत की गई थी। सड़क निर्माण में उपयोग के लिए जो मिट्टी लाई गई है उसे ठीक सड़क के पास से ही खोदकर निकाला गया है इस कारण सड़क के एक तरफ नहर टाइप की संरचना बन गई है जिसमें वर्तमान में पानी भरा हुआ है।

यदि कोई वाहन चालक इसमें गिर जाए तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है क्योंकि खुदाई के कारण सड़क से इस स्थान की काफी गहराई हो गई है। नाला निर्माण के लिए जो पाईप डाला गया है उससे एक तरफ की सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण सड़क से गुजरने वाले लोग भी इस टूटी सड़क के चलते दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**साढ़े नौ लाख की सीसी सड़क भी बहा रही अपनी दुर्दशा पर आंसू:** ग्रेवल सड़क के अलावा सीसी सड़क निर्माण में भी पंचायत के जिम्मेदारों ने गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा है करीब एक-डेढ़ साल पहले चकेरी गांव में इंद्रपाल सिंह के मकान से भानुप्रताप के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। इसमें साढ़े 9 लाख से ज्यादा की राशि स्वीकृत हुई थी लेकिन एक डेढ़ साल में ही सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। नाली निर्माण न कराने के कारण घरों से निकलने वाला और बारिश का पानी सड़क पर भरा रहता है इससे आवागमन में परेशानी होती है।

## अवैध खनन पर सख्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ेगी निगरानी:कलेक्टर

# खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर संयक्त कार्रवाई के निर्देश

पीपुल्स प्रवक्ता दतिया।




जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अवैध खनन से जुड़े मामलों और अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनिज परिवहन मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और संभावित अवैध उत्खनन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाए। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल जांच और कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा शासन की महत्वपूर्ण संपत्ति है। अवैध उत्खनन से राजस्व की क्षति के साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने खनिज, राजस्व, पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ संयुक्त और नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अवैध खनन या परिवहन में संलिप्त व्यक्ति अथवा वाहन मिलने पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई करने तथा अवैध भंडारण की भी नियमित जांच करने को कहा।

**मैदानी अमला लगातार करे भ्रमण एसपी:** पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने कहा कि कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रभावी और सतत होनी चाहिए। उन्होंने मैदानी अमले को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नजर रखने के निर्देश दिए, ताकि ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। बैठक में जिले में दर्ज खनिज प्रकरणों, की गई कार्रवाई, जब्त वाहनों एवं खनिज तथा राजस्व वसूली सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला, समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार, जिला खनिज अधिकारी ओपी बघेल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंजीनियर भूपेंद्र नरवरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारी बारिश की चेतावनी पर प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर ने अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के दिए निर्देश

» नदी-नालों, रपटों और निचली बस्तियों पर विशेष निगरानी पानी बढ़ने पर तत्काल आवागमन रोकने के आदेश

पीपुल्स प्रवक्ता दतिया।

मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक दतिया जिले और आसपास के क्षेत्रों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने सभी संबंधित अधिकारियों और मैदानी अमले को मुख्यालय एवं कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संभावित आपदा की स्थिति में समय रहते कार्रवाई करना और जनहानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को नदी-नालों के किनारे बसे गांवों, निचली बस्तियों और जलभराव वाले संभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने को कहा गया है।

**पुल-पुलियों पर पानी आया तो तत्काल रोका जाएगा आवागमन:** कलेक्टर ने नदी-नालों, रपटों, पुल-पुलियाओं, तालाबों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी रपटे, पुल या सड़क पर पानी आने की स्थिति में तत्काल आवागमन बंद कराया जाए। जरूरत पड़ने पर बैरिकेडिंग कर कर्मचारियों की तैनाती की जाए और किसी भी व्यक्ति या वाहन को जोखिम लेकर पानी पार करने की अनुमति न दी जाए। नगरीय क्षेत्रों में सीएमओ को निचली बस्तियों, जलभराव वाले स्थानों, नालों और प्रमुख जल निकासी स्थलों की लगातार निगरानी करने तथा जरूरत पड़ने पर जल निकासी के लिए टीम और संसाधनों को तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकारी 24 घंटे फोन पर रहें उपलब्ध:** कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोबाइल फोन 24 घंटे चालू रखने और कॉल पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए हैं। पुलिस, होमगार्ड, पंचायत, नगरीय निकाय, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने को कहा गया है।

पेड़, विद्युत तार या खंभे गिरने, मकान क्षतिग्रस्त होने, सड़क कटने अथवा किसी अन्य दुर्घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग को तत्काल मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जलभराव या बाढ़ की स्थिति बनने पर अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचें और जरूरत के अनुसार प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने मैदानी अमले को स्थानीय नागरिकों के संपर्क में रहने तथा किसी भी गंभीर स्थिति की सूचना जिला स्तर पर बिना देरी के देने के निर्देश दिए।

# जिले में अब तक 828 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

पीपुल्स प्रवक्ता जबलपुर।

जिले में इस वर्ष एक जून से अभी तक 828 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की औसत वर्षा से 188.7 मिलीमीटर कम है। जिले में पिछले वर्ष एक जून से चार सितम्बर तक 1016.7 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। कलेक्टर कार्यालय की भू-संसाधन प्रबंधन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से चार सितम्बर तक हुई वर्षा जिले की वार्षिक सामान्य वर्षा का लगभग 64 फीसदी है तथा पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान हुई वर्षा से 18.57 प्रतिशत कम है। जिले की वार्षिक सामान्य वर्षा 1254.3 मिलीमीटर है। कलेक्टर कार्यालय की भू-संसाधन प्रबंधन शाखा के अनुसार एक जून से एक सितम्बर तक जिले के वर्षा मापी केन्द्र मौसम केन्द्र जबलपुर में 701.4 मिलीमीटर, बरगी में 618.3 मिलीमीटर, बरेला में 775.8 मिलीमीटर, पनागर में 651.3 मिलीमीटर, कुंडम में 1090.8 मिलीमीटर, पाटन में 895.7 मिलीमीटर, शहपुरा में 948.4 मिलीमीटर, सिहोरा में 1002 मिलीमीटर, मझौली में 1043.2 मिलीमीटर और वर्षा मापी केन्द्र करौंदी (रांझी) में 552.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इन्हीं वर्षा मापी केन्द्रों में से जबलपुर मौसम केन्द्र स्थित वर्षा मापी केन्द्र में 1049.6 मिलीमीटर, बरगी में 1002.1 मिलीमीटर, बरेला में 873.6 मिलीमीटर, पनागर में 931.9 वर्षा दर्ज की गई थी।

# पर्यावरण-अनुकूल और आरामदायक ई-बसें शहर की नई लाइफ लाइन बनेंगी : लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह

पीपुल्स प्रवक्ता जबलपुर।



लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर में शुरू की जा रही पीएम ई-बस सेवा शहरवासियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी। पर्यावरण-अनुकूल और आधुनिक सुविधाओं से युक्त ये ई-बसें नागरिकों को सुरक्षित, आरामदायक और सुगम सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

उन्होंने कहा कि ई-बसों के संचालन से शहर में प्रदूषण कम करने के साथ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को भी और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री श्री सिंह ने आज जबलपुर में पीएम ई-बस सेवा के सफल ट्रायल रन के दौरान बस में सफर कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ट्रायल के दौरान सिविल लाइन चौक से गोरखपुर मार्ग तक वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस का संचालन किया गया। मंत्री श्री सिंह ने बस की तकनीक, सीटिंग व्यवस्था, यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा ई-बस सेवा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि जबलपुर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में पीएम ई-बस सेवा महत्वपूर्ण पहल है। इन बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। आधुनिक तकनीक से युक्त इन बसों के संचालन से नागरिकों को बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान होगा। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि पीएम ई-बस योजना के अंतर्गत आज 10 बसों से ट्रायल रन शुरू किया गया। ई-बस सेवा के ट्रायल के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, नगर भाजपा अध?यक्ष श्री रत?नेश सोनकर, श्री कौशल सूरी, एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, श्री दामोदर सोनी, श्री विवेक राम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त श्री राम प्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रवि शंकर राय तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# जिला जेल अशोकनगर में हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन




पीपुल्स प्रवक्ता अशोकनगर।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिला जेल अशोकनगर में कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्जलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ केपी यादव,कलेक्टर साकेत मालवीय, एसडीएम अशोकनगर इसरार खान,जेल अधीक्षक ललित दीक्षित,यादव समाज के नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैदियों के लिए फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव देशभर में बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कैदियों से कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भी जेल में ही हुआ था।

हमें यह मायने नहीं रखता कि हमने क्या किया है, लेकिन यहां पर रहने वाले बंदी क्या सीखकर जाते हैं, यह मायने रखता है। जिस तरह माता देवकी ने भगवान श्री कृष्ण को जेल में ही जन्म दिया था, तो यह स्थान मायने नहीं रखता, बल्कि मायने यह रखता है कि हमारे विचार कैसे हैं और हम कैसे अपने जीवन को सकारात्मक रूप से जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है,इस जीवन को अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए संयम बतरना बहुत आवश्यक है। कलेक्टर साकेत मालवीय ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय अच्छा या बुरा सभी का आता है। हम सभी बदलाव की भावना लेकर यहां से जाएं तथा बेहतर जीवन की ओर आगे बढ़ें।

# जन्माष्टमी पर्व पर बच्चों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

पीपुल्स प्रवक्ता भिण्ड।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय पचेरा (जन शिक्षा केंद्र बरहद, ब्लॉक मेहगांव) में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मटकी फोड़ के रोमांच के अलावा विद्यालय परिसर में विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक

**कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया:** राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता- छोटे-छोटे बच्चे श्री कृष्ण और राधा रानी की सुंदर वेशभूषा में सजकर विद्यालय पहुंचे, जिन्होंने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। **भजन एवं नृत्य प्रस्तुतियां:** विद्यार्थियों द्वारा श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित मधुर भजनों और देशभक्ति व सांस्कृतिक गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए। कृष्ण लीला मंचन- बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप एवं उनकी बाल लीलाओं का सुंदर लघु नाटक के माध्यम से मंचन किया।

**प्रसाद वितरण:** के अंत में सभी बच्चों एवं ग्रामीणों को माखन-मिश्री और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शाला प्रभारी श्रीमती अंजू शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के महत्व तथा भगवान श्री कृष्ण के संदेशों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्रोतम सिंह भदौरिया एवं सर्वेश कुमार दीक्षित ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जन शिक्षक (सी.ए.सी.) संजीव शर्मा ने विद्यालय परिवार को इस सफल और अनुशासित आयोजन के लिए बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुर्जर महासभा ने विधायक घनश्याम सिंह का किया स्वागत फूलमाला, शॉल और श्रीफल भेंट कर किया अभिनंदन



पीपुल्स प्रवक्ता दतिया।

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा दतिया के नवनिर्वाचित विधायक घनश्याम सिंह का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंदन सिंह बाबूजी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों ने विधायक घनश्याम सिंह को फूलमालाएं पहनाईं और शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने विधायक घनश्याम सिंह को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता चंदन सिंह बाबूजी, प्रदीप गुर्जर सहित संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महासभा पदाधिकारियों ने विधायक घनश्याम सिंह से क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा व्यक्त की।

## अशोकनगर पुलिस की जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# जुआ खेलते 11 आरोपी पकड़ाए 44000 हजार नगद एवं जुआ सामग्री जप्त

पीपुल्स प्रवक्ता अशोकनार।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बहादुरपुर पुलिस को जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई में महत्वपूर्ण सफलता मिली है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के पर्यवेक्षण में थाना बहादुरपुर प्रभारी उनि. नीलम सिंह यादव एवं पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुकावली स्थित एक मकान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को मौके से पकड़ा गया ।

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं घटनास्थल से ?44,000/- नगद तथा जुआ खेलने की सामग्री जप्त की गई ।



आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के प्रावधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है । पकड़े गए आरोपीगण में सोनू उर्फ आदित्य गुर्जर, दीपेश कुशवाह, सचिन राठौर, वीरु उर्फ विक्रांत उर्फ वीरेन्द्र कुशवाह, कुलदीप दांगी, संतोष साहू, इकबाल खान, इरशाद खां, विनोद सरवईया, गोधन सिंह दांगी एवं महेन्द्र सिंह दांगी, सभी निवासी ग्राम कुकावली थाना बहादुरपुर के शामिल हैं ।सराहनीय भूमिका - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. नीलम सिंह यादव, हेमराज मीणा एवं देव सिंह प्रधान आरक्षक पुष्पराज, प्रधान आरक्षक कृष्णपाल, आरक्षक विवेक,आरक्षक नैनक राम तथा FRV चालक विक्रम जाट की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक की अपील - जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें । जुआ जैसी गतिविधियां न केवल व्यक्ति की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को प्रभावित करती हैं, बल्कि परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं । अशोकनगर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

## श्रीकृष्ण का प्रत्येक कर्म मानव कल्याण के लिए:आचार्य दीपक पुरोहित

# पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय में जन्माष्टमी पर विशेष व्याख्यान आयोजित

पीपुल्स प्रवक्ता दतिया।




श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री पीताम्बरा पीठ के पुजारी आचार्य दीपक पुरोहित उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय समिति सदस्य श्री श्याम पटैरिया रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र कुमार भार्गव ने की।

आचार्य दीपक पुरोहित ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार मानव कल्याण के लिए हुआ। जब-जब संसार में धर्म की हानि और अधर्म का प्रभाव बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए प्रकट होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का प्रत्येक कर्म मानव कल्याण का संदेश देता है और उनके बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. हरेंद्र कुमार भार्गव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से निकली श्रीमद्भगवद्गीता सभी शास्त्रों का सार है। इसमें जीवन और संसार से जुड़े ज्ञान का व्यापक स्वरूप समाहित है। गीता का संदेश आज भी लोककल्याण और मानव जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम का शुभारंभ माई महाराज के पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के छात्र दुर्गेश ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता आचार्य दीपक पुरोहित का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार दुबे ने किया, जबकि श्री श्याम पटैरिया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रमा आर्य, डॉ. सुजाता शाण्डिल्य, डॉ. आशा पाठक, राजेश त्रिपाठी, रामचंद्र उपाध्याय, प्रथम शर्मा, सोमनाथ शर्मा, अंकित भार्गव, शिवम शर्मा, रामजी शरण दीक्षित, अनमोल पाण्डेय, मनीष मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।